# ‘जैसा है जहां है आधार’ पर पुराने/इस्तेमाल किए गए फोटोकॉपियर/फैक्स मशीनों एवं ईपीएबीएक्स उपकरण की बिक्री हेतु निविदा

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK


प्रशासन विभाग

राष्ट्रीय आवास बैंक

कोर 5-ए, चौथी मंजिल, इंडिया हैबीटेट सेंटर,

लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003

फोन: **011-39187000**

ई-मेल: **sourav.seal@nhb.org.in**

प्रमुख, प्रशासन विभाग, राष्टीय आवास बैंक उन विक्रेताओं से निर्धारित प्रारुप में सील बंद निविदाएं आंमंत्रित करते हैं जो अनुलग्नक-क में दी गई सूची के अनुसार 'जहां है जैसा है' आधार पर पुराने/इस्तेमाल किए गए फोटोकॉपी/फैक्स मशीनों एवं ईपीएबीएक्स उपकरण को खरीदने के इच्छुक हैं। सीलबंद निविदाएं दिनांक 19.06.2017 को शाम 6 बजे तक उप महाप्रबंधक, प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक तक पहुंच जानी चाहिए।

निविदा प्रक्रिया की समय सारणी और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं:

| | | |
|---|---|---|
| I. | निविदा दस्तावेज के संग्रह की शुरुआत की तारीख | **30-05-2017** |
| II. | निविदा दस्तावेज के संग्रह की अंतिम तिथि और समय | **19-06-2017** |
| III. | निविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख और समय | **19-06-2017** |
| IV. | निविदा खोलने की तारीख और समय | **21-06-2017 को शाम 3 बजे** |
| V. | बयाना राशि जमा (ईएमडी) | **कुल उद्धृत मूल्य का 5%** |
| VI. | निविदा खोलने का स्थान | **राष्ट्रीय आवास बैंक,<br>प्रशासन विभाग,<br>कोर 5-ए, चौथी मंजिल, इंडिया हैबीटेट सेंटर,<br>लोधी रोड, नई दिल्ली-110003** |

## निविदाकर्ताओं के लिए निर्देश

- कोटेशन/निविदा कुल उद्धृत मूल्य के 5 प्रतिशत के बयाना जमा राशि के साथ होना चाहिए जिसका भुगतान **''राष्ट्रीय आवास बैंक''** नई दिल्ली में देय के पक्ष में इलेक्ट्रोनिक क्लीयरेंस सिस्टम (ईसीएस) के माध्यम से किया जाना है। **बिना बयाना जमा राशि के प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

- ईसीएस हेतु हमारा बैंक खाता विवरण नीचे दिए अनुसार है:

| | |
|---|---|
| बैंक का नाम | भारतीय स्टेट बैंक |
| बैंक शाखा का नाम | प्रगति विहार, कोर -6, ग्राउंड फ्लोर, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003 |
| बैंक खाता धारक का नाम | राष्ट्रीय आवास बैंक |
| बैंक खाता संख्या | 52142903844 |
| बैंक शाखा का आईएफएस कोड | SBIN0020511 |
| एमआईसीआर नं. | 110004005 |

- निविदा सभी मामलों में पूरी होनी चाहिए (सभी पृष्ठों में प्राधिकृत हसताक्षरी के हस्ताक्षर और दिनांक होने चाहिए)। निविदा **'पुराने/इस्तेमाल किए गए फोटोकॉपियर मशीनों, फैक्स मशीनों एवं ईपीएबीएक्स उपकरण हेतु निविदा'** लिखे सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कवर में निविदाकर्ता का नाम और पता लिखा/मुद्रित होना चाहिए।

- मूल्य निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक- क में दिए अनुसार **सभी फोटोकॉपियर मशीन, फैक्स मशीन और इपीएबीएक्स उपकरण** हेतु कोट किए जाएं।

- निविदाएं दिनांक 21.06.2017 को दोपहर 3 बजे राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रधान कार्यालय में खोले जाएंगे। निविदाकर्ता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि (केवल एक व्यक्ति) निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। जो निविदाएं खुलने के समय उपस्थित रहने के इच्छुक होंगे उन्हें उपयुक्त प्राधिकार पत्र अवश्य लेकर आना होगा।

- इस प्रस्ताव के वैधता की अवधि प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से 30 दिनों का होगा अर्थात 18.07.2017।

- बिना सीलबंद निविदाओं को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिक सुरक्षित है।

- केवल निविदा प्रस्तुत करना कार्य करने के किसी अधिकार या हक प्रदान नहीं करता है।

- इच्छुक निविदाकर्ताओं को अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पहले स्पष्टतौर पर राष्ट्रीय आवास बैंक की जरूरत को समझने लेना चाहिए और यदि कोई जानकारी/स्पष्टता की जरूरत हो तो किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक श्री सौरभ सील, उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक से संपर्क कर सकते हैं। निविदाकर्ता 30.05.2017 से 19.06.2017 तक सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक राष्ट्रीय आवास बैंक, कोर 5-ए, चौथी मंजिल, इंडिया हैबीटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 में निविदा किए गए फोटोकॉपी/फैक्स मशीनों और ईपीएबीएक्स उपकरण का निरीक्षण करने के लिए स्वतंत्र हैं।

**निबंधन एवं शर्तें**

I. सफल निविदाकर्ता फोटोकॉपी/ फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण को रा.आ. बैंक के प्रधान कार्यालय के परिसर से कार्य आदेश के जारी करने के तिथि से 15 दिनों के भीतर हटाएगा। यदि फोटोकॉपी/ फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण को निर्धारित अवधि के भीतर नहीं हटाया जाता तो बयाना जमा-राशि को ज़ब्त कर लिया जाएगा।

II. सफल निविदाकर्ता फोटोकॉपी/ फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण के हटाने की सारी व्यवस्था अपने खर्चे पर करेगा। निविदाकर्ताओं को दरों के उद्धृत करने के पूर्व श्रम, मालढुलाई लागत, परिवहन प्रभारों, इत्यादि पर विचार करना होगा। इस संबंध में कोई अतिरिक्त दावा, जो भी हो, को रा.आ. बैंक द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। श्रम पी.एफ., ईएसआई, बीमा इत्यादि से संबंधित यथा लागू सभी प्रकार का उत्तरदायित्व सफल निविदाकर्ता का होगा।

III. सफल निविदाकर्ताओं द्वारा जमा की गई उच्चतम बयाना जमा को (ईएमडी) राशि-फोटोकॉपी /फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण की लागत के रूप में भुगतान हेतु समायोजित किया जाएगा। असफल निविदाकर्ताओं की ईएमडी को निर्णय की घोषणा के एक माह पश्चात वापस कर दिया जाएगा और इसके लिए कोई ब्याज देय नहीं होगा।

IV. उच्चतम/ सफल निविदाकर्ता फोटोकॉपी/ फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण के हटाने के पूर्व रा.आ. बैंक के खाते में पेश की गई कीमत को ईसीएस के माध्यम से जमा करेंगे।

V. फोटोकॉपी /फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण को ''जो जैसा है के आधार'' पर बेचा जा रहा है। उन्हें इस पूर्वधारणा के आधार पर बेचा जा रहा है कि निविदाकर्ताओं द्वारा उनका निरीक्षण हो चुका है और उन्हें इस बात की पूरी जानकारी है कि वे क्या खरीद रहे हैं तथा ''क्रेता सावधान'' का सिद्धांत इसके लिए लागू होगा और फोटोकॉपी /फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण, इत्यादि के वर्णन के बारे में किसी प्रकार का भरोसा न किया जाए।

VII. रा.आ. बैंक का निर्णय निविदाकर्ताओं पर अंतिम व बाध्यकारी होगा।

VII. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में कानूनी मामला **केवल नई दिल्ली के न्यायालयों** के क्षेत्राधिकार में होगा।

**अनुपालन वक्तव्य घोषणा**

इस निविदा के निम्नलिखित दस्तावेजों को जांच और समझ लिया गया है –

1. निविदाकर्ताओं के लिए निर्देश
2. निबंधन एवं शर्तें
3. निविदा आवेदन
4. अनुलग्नक क

हम एतद्द्वारा सभी परिशिष्ट, शुद्धिपत्र इत्यादि सहित राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा इस निविदा में अनुबद्ध सभी निबंधन एवं शर्तों का उत्तरदायित्व लेते हैं और उनके पालन का वचन देते हैं (इसमें किसी भी प्रकार का विचलन बोलियों की अयोग्यता होगा)।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का नाम

निविदाकर्ता की मोहर

**निविदा सूचना**

उप महाप्रबंधक
राष्ट्रीय आवास बैंक
प्रशासनिक विभाग
कोर 5 ए, चतुर्थ तल,
भारत पर्यावास केंद्र

लोधी रोड, नई दिल्ली 110003 –

**विषय :<u>पुरानी माल की गईइस्ते /फोटोकॉपियर मशीनों, फैक्स मशीनों और ईपीएबीएक्स उपकरण के लिए ''जो जैसी हैं के आधार'' पर प्रस्ताव</u>**

महोदय,
मैं/ हम एतदद्वारा अपनी उद्धृत दरों को संलग्न प्रारूप में अनुलग्नक – क के तौर पर संलग्न कर रहे हैं। इस प्रस्ताव की वैधता निविदाओं के प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 30 दिन है। हमारी निविदा के स्वीकृत करने पर मैं/ हम इसके लिए सहमत हैं:-

1. रूपये ........................... /- (मात्र ................................................................ रूपये) की राशि उद्धृत मूल्य का 5% है जो राष्ट्रीय आवास बैंक, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली -110003 के द्वारा प्रतिभूति जमाराशि के कारण बयाना जमा-राशि (ईएमडी) के तौर पर प्रतिधारित होगी।
2. निविदा दस्तावेज़ सहित फोटोकॉपी /फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण के हटाए जाने से संबंधित निर्देशों में हमारे व राष्ट्रीय आवास बैंक के बीच बाध्यकारी निविदा समाहित होगी।
3. फोटोकॉपी/ फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण के 15 दिनों की नियत अवधि के भीतर पूरी डिलिवरी लेने की असफलता की स्थिति में आप बयाना जमा-राशि के ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
4. बयाना राशि बगैर किसी ब्याज के हमें लौटाई जाएगी यदि हमारी निविदा स्वीकृत नहीं होती है।
5. हम समझते हैं कि आप किसी उच्चतम बोली अथवा आपके द्वारा प्राप्त किसी भी बोली के स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं, और आप सभी अथवा किसी भी बोली को अस्वीकृत कर सकते हैं; आप इसे स्वीकार कर सकते हैं अथवा सारे कार्य को किसी एक विक्रेता को सौंप सकते हैं अथवा एक से अधिक विक्रेताओं में इसे बिना कोई कारण बताए अथवा कोई स्पष्टीकरण दिए बगैर बांट सकते हैं।

संलग्नक – अनुलग्नक –क

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
निविदाकर्ता का नाम एवं मोहर

**अनुलग्नक क**

**पुरानी फोटोकॉपी/ फैक्स मशीन और ईपीएबीएक्स उपकरण की ''जो जैसी है के आधार'' पर बिक्री के अंतर्गत सूची**

| **क्र.सं .** | **विवरण** | **मात्रा** | **निविदाकर्ता द्वारा उद्धृत मूल्य** | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **राशि (रू)** | **मूल्य (शब्दों में)** |
| 1 | फोटोकॉपियर मशीन | 4 | | |
| 2 | फैक्स मशीन | 7 | | |
| 3 | ईपीएबीएक्स उपकरण | 1 | | |
| | **कुल** | | | |

उच्चतम बोलीदाता की गणना -:

उच्चतम बोलीदाता को घोषित करने के लिए क्रमांक सं. 1 से क्रमांक सं. 3 में उद्धृत कुल मूल्य को देखा जाएगा।